7. 'निर्मला' उपन्यास में विद्यमान सामाजिक समस्याओं का उल्लेख करते हुए उपन्यास की संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

8. 'महाभोज' उपन्यास के राजनीतिक परिदृश्य का चित्रण कीजिए।

9. 'पुरस्कार' कहानी में नायिका मधुलिका के चरित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

HD–02

June – Examination 2022

B.A. (Part I) Examination

HINDI

हिन्दी गद्य भाग–II (कथा साहित्य)

Paper : HD-02

Time : 1½ Hours] *[Maximum Marks : **70***

निर्देश :- यह प्रश्न–पत्र 'अ' और 'ब' दो खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **4×3½=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक वाक्य, एक शब्द या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 3½ अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कहानी के प्रमुख तत्वों का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) प्रेमचन्द की किन्हीं **दो** कहानियों के नाम लिखिए।

(iii) 'अनामदास का पोथा' उपन्यास के रचयिता का नाम बताइए।

(iv) मनोवैज्ञानिक उपन्यास किसे कहते हैं ?

(v) कहानी 'उसने कहा था' का प्रतिपाद्य लिखिए।

(vi) 'पत्नी' कहानी के प्रमुख पात्रों का नामोल्लेख कीजिए।

(vii) 'वापसी' कहानी की मूल संवेदना लिखिए।

(viii) 'महाभोज' उपन्यास की पृष्ठभूमि को संक्षेप में समझाइए।

खण्ड—ब 4×14=56

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंक का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"घंटी बजी, फाइल हिली, बाबुओं की बुलाहट हुई और आधा घंटे बाद बेताज बादशाह मुस्कराता हुआ बाहर निकल आया।

उत्सुक आँखों की भीड़ ने उसे देखा तो वह फिर बोलने लगा, ''चूहों की तरह बिटर-बिटर देखने से कुछ नहीं होता। भौंको-भौंको, सबके सब भौंको। अपने आप सालों के कानों के पर्दे फट जाऐंगे। भौंको कुत्तो, भौंको।"

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

''साहब तो ड्रिंक के दूसरे दौर में ही चुटकुले और कहानियाँ कहने लगे थे। दफ्तर में जितना रौब रखते थे यहाँ पर उतने ही दोस्त परवर हो रहे थे और उनकी स्त्री, काला गाउन पहने, गले में सफेद मोतियों का हार, सेंट और पाउडर की महक से ओत-प्रोत, कमरे में बैठी सभी देसी स्त्रियों की आराधना का केन्द्र बनी हुई थी। बात-बात पर हँसती, बात-बात पर सिर हिलाती और शामनाथ की स्त्री से तो ऐसे बातें कर रही थी, जैसे उनकी पुरानी सहेली हो।''

4. 'पूस की रात' कहानी के कथानक और उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

5. 'आशा अमरधन' कहानी के तत्वों के आधार पर कहानी का वर्णन कीजिए।

6. कहानी और उपन्यास के मध्य अन्तर को स्पष्ट कीजिए।